प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री मोदी ने एनएक्सटी कॉन्क्लेव में 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' को बताया सफलता का मंत्र, कहा – दुनिया 21वीं सदी के भारत की ओर उत्सुक।
2. झारखंड विधानसभा में आज से विधायकों के लिए शुरु हुआ दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम, राज्यसभा के उपसभापति, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री समेत मंत्री और विधायक हुए शामिल।
3. आज चाँद नजर आने के बाद रमज़ान का पवित्र महीना शुरू, कल रखा जाएगा पहला रोज़ा।
4. राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम रहेगा साफ, मौसम विभाग ने तापमान बढ़ने का दिया पूर्वानुमान।
5. झारखंड की टीम नेशनल रोल बॉल चैंपियनशिप में बनी सेकेंड रनर–अप, शिक्षा मंत्री ने खिलाड़ियों को दी बधाई।

अब समाचार विस्तार से

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विश्व 21वीं सदी के भारत की ओर बेहद उत्सुकता से देख रहा है। नई दिल्ली में आज भारत मंडपम में एन एक्स टी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन के मंत्र को श्रेय दिया।

*******************

प्रधानमंत्री मोदी ने आज कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश का विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि कृषि को विकास का पहला इंजन मानते हुए सरकार ने किसानों को गौरव का स्थान दिया है। इस कार्यक्रम में झारखंड के सभी 24 जिलों के हितधारक भी जुड़े।

खूंटी के आरसेटी रोजगार प्रशिक्षण केंद्र में किसानों ने प्रधानमंत्री मोदी के ऑनलाइन संवाद को सुना। इस अवसर पर महिला किसानों ने भी संवाद में हिस्सा लिया और केसीसी की राशि बढ़ाने के फैसले की सराहना की।

इधर जामताड़ा के नाला प्रखंड में किसानों ने प्रधानमंत्री मोदी के वेबिनार को देखा और सराहा। किसानों ने कहा कि अब उन्हें आसानी से ऋण मिल रहा है और वे आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं। मौके पर एल डी एम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि और केसीसी से मिलने वाले लाभों पर जानकारी दी।

*******************

रांची में झारखंड विधानसभा के सदस्यों के लिए दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों का उद्देश्य राज्य को बेहतर बनाना होना चाहिए।

उन्होंने विधायकों से सदन में शोर–शराबा और व्यवधान डालने से बचने की अपील की।

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश ने विधायकों को संसदीय विशेषाधिकार और नियमों के पालन पर जोर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाना सभी की जिम्मेदारी है।

संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य की आर्थिक मजबूती और केंद्र से बकाया कर राशि मिलने पर बल दिया।

रांची के विधायक सीपी सिंह ने झारखंड विधानसभा सत्र की अवधि बढ़ाने की जरूरत बताई।

*******************

आज चाँद नजर आने के बाद कल से रमज़ान का पवित्र महीना शुरू होगा। कल पहला रोज़ा रखा जाएगा, और इस पूरे महीने विशेष रात्रि प्रार्थना तरावीह अदा की जाएगी। रमज़ान के समापन पर ईद–उल–फ़ितर का त्योहार मनाया जाएगा।

*******************

टीबी–मुक्त भारत अभियान को लेकर हजारीबाग में कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

*******************

**संक्षिप्त खबरें–**

- झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के आदेश पर सभी जिलों और इकाइयों से अनुशासनहीन पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी गई है। इस सूची के आधार पर डीजीपी स्तर से कार्रवाई की जाएगी। आदेश में पुलिसकर्मियों के आचरण से जुड़े सात प्रमुख बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है।
- बोकारो जिले में राज्य स्तरीय विधिक सेवा–सह–सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 12 करोड़ से अधिक परिसंपत्तियों का वितरण किया गया है। मौके पर मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया है।
- हजारीबाग जिले में युवाओं के लिए रोजगार सृजन मेला आयोजित किया गया। इस मेले का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग और जेएसएलपीएस के सहयोग से किया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने मेले का उद्घाटन किया है और युवाओं को रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया है।

*******************

राज्य में अगले चार–पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल मौसम साफ रहेगा, जिससे तापमान में वृद्धि होगी।

*******************

झारखंड की टीम ने तमिलनाडु में हुई 21वीं सीनियर नेशनल रोल बॉल चैंपियनशिप में सेकंड रनर–अप का खिताब जीता है। जीत के बाद टीम ने जमशेदपुर में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात की। मंत्री ने खिलाड़ियों को बधाई दी और राज्य सरकार की खेल नीति के तहत सुविधाएं देने का आश्वासन दिया।

*******************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का मैच 11 कराची नेशनल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच खेला जा रहा है। जानकारी प्राप्त होने तक इंग्लैंड ने 38 दशमलव 2 ओवर में एक सौ उनासी रन बनाए। जानकारी प्राप्त होने तक दक्षिण अफ्रीका ने 8 ओवर में 1 विकेट खो कर तैंतालीस रन बनाए।

**************